**मनमानी** बदरा जनपद पंचायत का मामला, संलग्नीकरण का आदेश बटोर रहा सुर्खियां, ऐसे आदेश जारी करने का नहीं हैं उन्हें अधिकार

# पंचायत राज नियमों के विरुद्ध कार्य कर रहे सीईओ

**अनूपपुर, नवभारत 11 मार्च।** इन दिनों जनपद पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि ग्वाल द्वारा जारी सचिव के संलग्नीकरण का आदेश एक बार सुर्खियां बटोर रहा है, जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा सचिवों के संलग्नीकरण के संबंध में जारी एक पत्र के अनुसार जनपद सीईओ तो क्या जिला पंचायत सीईओ को भी सचिवों के संलग्नीकरण आदेश जारी करने का अधिकार नहीं है।

क्या पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल जनपद पंचायत सीईओ रवि ग्वाल द्वारा नियम विरुद्ध जारी आदेश पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करेगा या फिर इसी तरह जनपद पंचायत सीईओ की पंचायती राज के




नियमों के विरुद्ध मनमानी आगे भी जारी रहेगी?

## सीईओ ने सचिव को जारी किया संलग्न का आदेश

जनपद पंचायत अनूपपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि ग्वाल द्वारा जारी पत्र में कार्यालय जिला पंचायत अनूपपुर से प्राप्त पत्र में सुषमा रानी सचिव ग्राम पंचायत धुम्मा एवं तत्कालीन प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत मुडधोबा के विरूद्ध सरपंच ग्राम पंचायत धुम्मा द्वारा गंभीर आरोप लगाया गया है। उक्त पत्र के आधार पर कार्यालय आदेश से जांच दल गठित करते हुए सुषमा रानी को तत्काल प्रभाव से कार्यालय जनपद पंचायत अनूपपुर में संलग्न कर दिया गया, जो कि राज्य शासन के नियमों के विरुद्ध है।

## सचिवों के संलग्नीकरण पर राज्य शासन का जारी पत्र

मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय,वल्लभ भवन,भोपाल द्वारा पत्र के माध्यम से समस्त जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम पंचायत सचिवों के संलग्नीकरण के संबंध में आदेश जारी किए गए है। आदेशानुसार ग्राम पंचायत सचिवों को जिला,जनपद अधिकारियों द्वारा उनके मूल कार्यालय ग्राम पंचायत से पृथक कर अन्य कार्यालयों में संलग्न किए जाने के संबंध में शासन एवं पंचायत राज संचालनालय स्तर से कोई भी नियम, दिशा निर्देश जारी नहीं किये गये है। ऐसी स्थिति में संलग्नीकरण का जारी किया गया आदेश नियम के विरूद्ध होगा।

## हाईकोर्ट ने शपथ पत्र प्रस्तुत करने का दिया आदेश

सचिवों के संलग्नीकरण आदेश के विरूद्ध उच्च न्यायालयों में दायर याचिकाओं में इसे विधि अनुरूप नहीं होने के कारण निरस्त किये जाने के आदेश दिये गये है तथा न्यायालय द्वारा राज्य स्तर से इस तरह की त्रुटिपूर्ण कार्यवाही के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिए भी आदेशित किए गये है।

**अधिकारियों पर की जाएगी कार्यवाही : पटेल**

मध्यप्रदेश विधानसभा पटल पर सचिवों के संलग्नीकरण के संबंध में बालाघाट जिला पंचायत सीईओ द्वारा राज्य शासन के नियमों के विरुद्ध जारी आदेशों को लेकर बालाघाट की कांग्रेस पार्टी की नेत्री अनुभा मुंजारे द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए किए गए प्रश्नों के जवाब में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकाश मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा सचिवों के संलग्नीकरण के संबंध में जारी पत्र के आधार पर नियम विरुद्ध सलग्नीकरण आदेश जारी करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की बात कही गई थी।

# छुलहा का कचरा संग्रहण शेड बना शोपीस




**शेड के सामने ही है कचरे का ढेर, सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल**

**जैतहरी नवभारत 11 मार्च।** स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे कचरा संग्रहण शेड का उद्देश्य गांव को साफ-सुथरा रखना है, लेकिन कई जगहों पर इनका सही उपयोग और रखरखाव नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अनूपपुर जनपद के ग्राम पंचायत छुलहा में सामने आया है, जहां कचरा संग्रहण शेड के ठीक सामने ही कचरे का ढेर लगा हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत द्वारा कचरा एकत्र करने के लिए वर्ष 2023 में शेड तो बना दिया गया, लेकिन उसका समुचित उपयोग और नियमित सफाई नहीं होने से कचरा इधर-उधर फैला रहता है। शेड के सामने फैला कचरा न केवल बदबू फैला रहा है, बल्कि आसपास गंदगी का माहौल भी बना रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर सफाई और निगरानी नहीं की गई तो यह स्थान गंदगी और बीमारियों का कारण बन सकता है।

**कचरा संग्रहण स्थल का नहीं हो रहा नियमित रखरखाव**

स्थानीय लोगों के अनुसार, कचरा संग्रहण के लिए बनाए गए इस स्थल का नियमित रखरखाव नहीं किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था की अनदेखी के कारण यहां कचरे का ढेर लग जाता है, जिससे स्वच्छता अभियान की मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि कचरा संग्रहण शेड का सही तरीके से उपयोग कराया जाए और नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गांव में स्वच्छ वातावरण बना रहे।

# 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

**कोतमा महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत।** मंगलवार को शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय कोतमा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विकसित भारत के लिए वैज्ञानिक स्वभाव का महत्व' विषय पर विज्ञान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के विज्ञान अध्ययन एवं नवाचार क्लब द्वारा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल से प्रेरित एवं प्रायोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन कृति मरावी के पर्यवेक्षण में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के



विभिन्न संकायों के 37 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने निबंधों के माध्यम से वैज्ञानिक स्वभाव की आवश्यकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास तथा विकसित भारत के निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार व्यक्त किए।

**इनका रहा योगदान**

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विज्ञान संकाय के मोहम्मद मोबीन, कृति मरावी तथा विज्ञान अध्ययन एवं नवाचार क्लब के प्रभारी डॉ. बीरेन्द्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए इस प्रकार के कार्यक्रमों को भविष्य में भी आयोजित करने की बात कही।

## कोतमा की बेटी अमिता जैन बनी सिविल जज



**कोतमा नवभारत।** वार्ड क्रमांक 5 के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. कोमल चंद जैन के सुपुत्र एवं स्थानीय व्यवसायी अजित कुमार जैन की सुपुत्री अमिता जैन ने सिविल जज परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सिविल जज बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे कोतमा नगर में हर्ष और गर्व का वातावरण व्याप्त है। अमिता जैन की इस सफलता को न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि माना जा रहा है। कठिन परिश्रम, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल कर युवाओं के सामने एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने इसे कोतमा नगर के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

# जंगल से लगे गांवों के ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**79 दिनों से अनूपपुर में डेरा डाले हुए है तीन हाथी**

**अनूपपुर, नवभारत 11 मार्च।** जिले में पिछले 79 दिनों से तीन हाथियों का एक समूह लगातार डेरा डाले हुए है, जिससे जैतहरी क्षेत्र के जंगल से लगे कई गांवों के ग्रामीणों का जीवन मुश्किल हो गया है। ये हाथी दिन में जंगल में विश्राम करते हैं और देर शाम तथा रात के समय गांवों की ओर निकलकर खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, हाथियों का यह दल अनूपपुर और जैतहरी तहसील के धनगवां बीट के जंगलों में लगातार विचरण कर रहा है। हाथी रात के समय अचानक खेतों में पहुंचकर गेहूं सहित अन्य



फसलों को अपना आहार बना रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा कई बार हाथियों को गांव से भगाने के प्रयास किए गए, लेकिन इसके बावजूद हाथी इलाके से बाहर जाने को तैयार नहीं हैं।

### फसल को पहुंचा रहे नुकसान

पिछले चार दिनों में हाथियों का समूह ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा के सरईहा टोला और बेल्हा टोला, ग्राम पंचायत पड़रिया के चोई गांव से लगे भलुवान टोला, गोढा टोला, पडमनिया टोला और वन चौकी टोला में देखा गया है। गोढा टोला निवासी नत्थू राठौर के खेत में लगी गेहूं की फसल को हाथियों ने लगातार चार दिनों से देर रात पहुंचकर भारी नुकसान पहुंचाया है।

### आग जलाकर पहरा दे रहे ग्रामीण

बुधवार सुबह हाथियों का समूह धनगवां बीट के बीहीडोंगरी और चिमटहाई डोंगरी के जंगल में विश्राम करता देखा गया। अब ग्रामीणों को आशंका है कि रात होने पर हाथी फिर गांवों की ओर निकल सकते हैं। हाथियों की लगातार मौजूदगी के कारण जंगल से लगे कई गांवों के लोग परिवार सहित पूरी रात जागकर घरों की छतों पर या आग जलाकर पहरा देने को मजबूर हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है।

## एक नजर में




### जैतहरी व कोतमा संकुल को मिला टाटा मैजिक वाहन

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित आजीविका एक्सप्रेस योजना के तहत जिले के दो संकुल संगठनों को स्थानीय परिवहन सुविधा के लिए टाटा मैजिक वाहन प्रदान किया गया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने सहारा संकुल संगठन जैतहरी तथा संकल्प संकुल संगठन बिजुरी (विकासखंड कोतमा) को आजीविका गतिविधि के तहत टाटा मैजिक वाहन की चाबी सौंपकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने आजीविका दीदियों से स्थानीय परिवहन कार्य और उसके संचालन के संबंध में जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि आजीविका एक्सप्रेस योजना के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं और इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्रम में आजीविका मिशन के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में आजीविका दीदियां उपस्थित रहीं।



### सशक्तिकरण के अवसर का लाभ लेकर बनें स्वावलंबी

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत अनूपपुर के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय उत्पादक समूह उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक में आजीविका दीदियों को राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं एवं उनके परिवारों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इन अवसरों का लाभ लेकर आजीविका दीदियों को व्यावसायिक दृष्टिकोण से कार्य करते हुए मिशन की क्रियाशील पूंजी को बढ़ाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि आजीविका मिशन के अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है, इसलिए इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाते हुए आजीविका गतिविधियों का विस्तार किया जाए।




### 10 साल से फरार वारंटी गोपाल गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 11 मार्च।** थाना करनपठार अंतर्गत चौकी सरई पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जानकारी के अनुसार थाना करनपठार में दर्ज अपराध के के आरोपी गोपाल सिंह लगभग 10 वर्षों से फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी लगातार पुलिस से बचने के लिए लुक-छिपकर रहता था और रात के समय ही घर आता था। पुलिस को सूचना मिलने पर चौकी सरई थाना करनपठार की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को जेएमएफसी न्यायालय राजेन्द्रग्राम के समक्ष पेश किया गया।

**विद्युत विभाग ने पंचनामा बनाकर लगाया जुर्माना, विद्युत कनेक्शन काटा गया**

# ओवरहेड टैंक निर्माण में बिजली चोरी का खुलासा

**कोतमा नवभारत 11 मार्च।** जिले के कोतमा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुरहानपुर में निर्माणाधीन ओवरहेड पानी टंकी के कार्य के दौरान बिजली चोरी का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों की मौखिक शिकायत के बाद विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां निर्माण कार्य में अवैध रूप से बिजली उपयोग किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद विभाग ने पंचनामा बनाकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करते हुए विद्युत कनेक्शन तत्काल प्रभाव से विच्छेद कर दिया। जानकारी के



अनुसार पीएचई विभाग द्वारा ग्राम बुरहानपुर में ओवरहेड पानी टंकी का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में वैध कनेक्शन के बजाय चोरी की बिजली का उपयोग किया जा रहा था।

### नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की गई : प्रजापति

शिकायत मिलते ही विद्युत मंडल की टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान बिजली चोरी पाए जाने पर पंचनामा तैयार किया गया। विभाग ने नियमानुसार जुर्माना लगाया तथा अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे विद्युत कनेक्शन को काट दिया। कनिष्ठ अभियंता विद्युत मंडल कोतमा लालमणि प्रजापति ने बताया कि शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं और नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

### निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

इस घटना ने सरकारी विभागों की निगरानी प्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते जांच होती तो लंबे समय तक बिजली चोरी नहीं चलती। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से निर्माण कार्यों की नियमित जांच और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

**इनका कहना है**

पंचनामा तैयार कर ठेकेदार को सौंप दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही जारी है।

**लालमणि प्रजापति**
**कनिष्ठ अभियंता विद्युत मंडल कोतमा**

# रोटरी क्लब का नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल से

**अनूपपुर, नवभारत।** समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब शहडोल द्वारा तीन दिवसीय रोटरी राहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 13 से 15 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक शासकीय आईटीआई, रीवा रोड, शहडोल में आयोजित होगा। शिविर का आयोजन रोटरी क्लब शहडोल, रोटरी क्लब मंडला मैकल और जबलपुर राजकृष्ण तन्खा फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में देश-विदेश के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम आधुनिक तकनीकों के माध्यम से विभिन्न रोगों की नि:शुल्क जांच, परामर्श तथा आवश्यक ऑपरेशन करेगी। शिविर में चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मध्यप्रदेश शासन का भी सहयोग रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

**अपर कलेक्टर सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश**

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय किए जाए

**अनूपपुर, नवभारत 11 मार्च।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और सतत उपाय किए जाने की आवश्यकता है। यह बात अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी ब्लैक स्पॉट और नो-एंट्री प्वाइंट का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुधार कार्य कर सड़क हादसों की संभावना को कम किया जाना चाहिए। बैठक में विभिन्न ब्लैक स्पॉट की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। ब्लैक स्पॉट स्थानों पर संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर सहित अन्य सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लगाने पर चर्चा की गई। यह भी तय किया गया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# पसान में श्रीराम कथा और सतचंडी महायज्ञ 19 से



**अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता राजीव लोचन शास्त्री सुनाएंगे संगीतमय रामकथा**

**जमुना कोतमा नवभारत 11 मार्च।** क्षेत्र के पसान स्थित मां दुर्गता माता मंदिर, वार्ड क्रमांक 8 में रामनवमी के पावन उपलक्ष्य में 19 मार्च से 28 मार्च तक भव्य श्रीराम कथा एवं सतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

इस धार्मिक आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता राजीव लोचन शास्त्री (चित्रकूट धाम) अपनी मधुर वाणी में संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन करेंगे, जिससे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 19 मार्च को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी।

### श्रीराम कथा के प्रमुख प्रसंगों का होगा वर्णन

इस दौरान प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक मूल पाठ एवं सतचंडी महायज्ञ तथा शाम 3 बजे से 7 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के दौरान सती चरित्र, शिव विवाह, नारद मोह, श्रीराम जन्म महोत्सव, बाल लीलाएं, अहिल्या उद्धार, जनकपुर दर्शन, पुष्प वाटिका प्रसंग, धनुष यज्ञ, सीता-राम विवाह, श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग, भरत चरित्र, शबरी भक्ति, हनुमान चरित्र, सीता जी की खोज, रावण वध और श्रीराम राज्याभिषेक जैसे प्रमुख प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा।

**ये हैं मुख्य यजमान**

आयोजन के मुख्य यजमान रामस्वरूप मिश्रा-कांति मिश्रा, मोतीलाल मिश्रा-शकुंतला मिश्रा, सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा-सोमवती मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा-कुसुम मिश्रा, सतीश मिश्रा-ममता मिश्रा, उमेश मिश्रा-सरिता मिश्रा तथा संजू मिश्रा-विमला मिश्रा रहेंगे। आयोजन के प्रेरणास्रोत स्व. दादूराम-सम्पतिया बाई मिश्रा, स्व. रामलाल-मानकुंवर बाई मिश्रा, स्व. श्यामलाल-शिवलाली मिश्रा सहित मिश्रा परिवार के पूर्वजों का स्मरण किया जाएगा।

**धर्म** संयोजक जेपी साहू के नेतृत्व में शहडोल संभाग में धर्म जागरण का दिया जाएगा संदेश, धनपुरी में होगा समापन

# राम नवमी और हनुमान जयंती पर निकलेगी सनातन एकता यात्रा

**जमुना कोतमा नवभारत 11 मार्च।** शहडोल संभाग में एक बार फिर सनातन समाज को एक सूत्र में जोड़ने के उद्देश्य से 15 दिवसीय सनातन एकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 19 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस विशाल धार्मिक जनजागरण यात्रा का संयोजन जेपी साहू द्वारा किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में लगातार सनातन धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता के लिए विभिन्न यात्राएं और कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में



आयोजित होने वाली यह यात्रा राम नवमी एवं हनुमान जयंती के पावन अवसर पर निकाली जा रही है, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति के प्रति जनजागरण करना और समाज में एकता का संदेश देना है।

### यात्रा का शुभारंभ 19 को अमरकंटक में होगा

आयोजन समिति के अनुसार यह यात्रा राम वन गमन पथ और पांच पांडव स्थलों सहित शहडोल संभाग के कई प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरेगी। यात्रा के माध्यम से लोगों को धर्म, संस्कृति और परंपराओं के महत्व से अवगत कराया जाएगा। यात्रा का शुभारंभ 19 मार्च गुरुवार को अमरकंटक से होगा। सुबह 8 बजे पालकी पूजन-अर्चन, नर्मदा चुरी भेंट, यात्रा स्वागत एवं नगर भ्रमण के साथ यात्रा प्रारंभ होगी।

### सनातन संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा

इसके बाद यात्रा शहडोल, अनूपपुर और उमरिया जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों से गुजरते हुए श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक करेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, धार्मिक कार्यक्रम और जनजागरण सभाएं आयोजित की जाएंगी। यात्रा मार्ग में आने वाले मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालु दर्शन कर सनातन एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे।

**यात्रा से सांस्कृतिक चेतना मजबूत होगी : साहू**

आयोजक जेपी साहू ने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का अभियान है। उन्होंने शहडोल संभाग के सभी सनातन धर्मावलंबियों से इस यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। 15 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा का समापन 2 अप्रैल को धनपुरी में किया जाएगा।

## बिजुरी में सजा मां मातंगी धाम का दरबार

**अनूपपुर, नवभारत।** छत्तीसगढ़ के धमतरी स्थित प्रसिद्ध मां मातंगी धाम के संस्थापक संत प्रेमासाई महाराज का सात दिवसीय भव्य दिव्य दरबार बुधवार को सज गया है। कोतमा में सफल आयोजन के बाद अब बिजुरी में यह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे हैं। दरबार की प्रमुख विशेषता यह है कि संत प्रेमासाई महाराज भक्तों की समस्याओं का 'पर्चा' खोलते हैं। मान्यता है कि महाराज बिना बताए ही भक्त की पीड़ा और समस्याओं को कागज पर लिख देते हैं। इस दिव्य दरबार में शारीरिक, मानसिक तथा बाधा जनित समस्याओं का मंत्र शक्ति के माध्यम से निराकरण किया जाता है।